तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

11 प्रधानमंत्री आवास का दंतेवाड़ा मॉडल अब असम में भी होगा लागू



12 भगवान अय्यप्पा की निकली भव्य शोभायात्रा





## खबर संक्षेप

### 3.04 लाख का 6.09 किलो गांजा जब्त



**जगदलपुर।** शहर के नयामुंडा में बोधघाट थाना की पुलिस ने एक घर में तलाशी कर 3.04 लाख का 6.09 किलो अवैध गांजा जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित अवैध गांजा बिक्री करने के लिए महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। सूचना पर थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्यवाही हेतु तत्काल नयामुण्डा संदेही आरोपी महिला के घर जाकर तलाशी लेने पर काले रंग के बैग के अंदर खाकी रंग के सेलो टेप में लिपटा पांच पैकेट में 6.090 किलो किमती 3 लाख 4 हजार 750 रूपए का अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को अपराध की धारा 20. बीआईबी एनडीपीसी एक्ट के तहत मादक पदार्थ को जप्त करते हुए उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड हेतु विशेष एनडीपीसी न्यायालय में पेश किया गया । जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा हेतु तत्काल जेल भेजा गया।

### एआई बता रहा आईटीआर के बाघों की पहचान और शिकारी से भी बचाएगा

# रिजर्व की बाघ गणना में लिये जा रहे पगचिन्ह, देखा जा रहा मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में बाघ आंकलन के 6 वें चरण शुरू हो गया है। इसमें बाघों की पहचान और गणना अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई तकनीक में पगमार्क, मल एवं मूवमेंट से हो रही है। पहले जहां यह काम कैमरा ट्रैप और मानव विश्लेषण पर निर्भर था, वहीं अब मशीन लर्निंग और डीप लर्निंग मॉडल्स की मदद से हर बाघ की धारियों के विशिष्ट पैटर्न से उसकी डिजिटल पहचान बनाई गई। यह प्रणाली न केवल गणना को सटीक बनाएगी, बल्कि शिकारियों की गतिविधियों पर भी वास्तविक समय में नजर रखेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व अब सक्रिय संरक्षण के नए दौर में है। हाल के महीनों में नक्सली गतिविधियों में कमी और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ने से, वर्षों बाद वनकर्मी रिजर्व के कोर क्षेत्र तक पहुंच पा रहे हैं। यहां कैमरा ट्रैप में बाघों और उनके शावकों की नई तस्वीरें सामने आई हैं। अब एआई-आधारित पहचान प्रणाली से हर बाघ का डिजिटल प्रोफाइल तैयार किया। वन विभाग स्थानीय युवाओं को इको-वारियर के रूप में प्रशिक्षित कर रहा है, जो पगमार्क, स्कैट (मल) और मूवमेंट जैसी सूचनाएं मोबाइल एप के जरिए साझा कर रहे हैं, ताकि फील्ड डेटा तुरंत विश्लेषण के लिए उपलब्ध हो सके। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने वन्यजीव संस्थान (डब्लूआइआइ) और वन विभाग के सहयोग से 2018 में पहली बार गणना में एआइ तकनीक का उपयोग किया था। उस समय यह केवल कैमरा ट्रैप छवियों की पहचान और डेटा संग्रह तक सीमित था, अब 2025 में यह तकनीक अत्यधिक विकसित हो चुकी है। आधुनिक एआइ मॉडल अब व्यक्तिगत बाघ पहचान, प्रेडिक्टिव मॉडलिंग, गश्त मार्ग सुझाव और अपराध पूवार्नुमान जैसी क्षमताओं के माध्यम से संरक्षण को तेज, स्मार्ट और कारगर बना रहे हैं।

#### 133 बीट में अधिकारी व कर्मी जुटे

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि जनवरी 2026 से इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघों की पहचान और गणना का कार्य शुरू हो गया। एआइ अब केवल डेटा नहीं पढ़ता, बल्कि जंगल की भाषा समझने लगा है। यह मॉडल शिकार की पुरानी घटनाओं, मौसम, पर्यावरणीय कारकों और मानव गतिविधियों का विश्लेषण कर यह अनुमान लगाता है कि भविष्य में किस क्षेत्र में शिकार की आशंका अधिक है। बाघों की गणना के लिए रिजर्व के 133 बीट में अधिकारी, कर्मचारी जुटे हुए हैं।



#### बाघ आंकलन का 6 वां चरण शुरू

इन्द्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर (वन्यजीवन) के क्षेत्रीय निदेशक एवं मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी ने बताया कि बाघ आंकलन के 6 वें चरण में आईटीआर में शुरू किया है। आईटीआर में लगभग 8 बाघ होने की संभावना है और गणना से इसकी संख्या बढ़ेगी। गणना में सबसे पहले बाघों के पैरों के निशान, मल और पेड़ों पर उनके निशान इकट्ठा कर रहे हैं।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक तीरथगढ़ के माघ पूर्णिमा मेला में हुए शामिल

**जगदलपुर।** तीरथगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। 31 जनवरी से 2 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक किरण देव के द्वारा किया गया। मेला स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर धुरवा नाचा दल द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



तीरथगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किरण देव ने माघ पूर्णिमा मेला के सफल आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बस्तर की कला, संस्कृति और परंपराएं पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं। मंडई,मेला, जात्रा और लोक परंपराएं बस्तर की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम ⏭ शेष पेज 10 पर

## रेल बजट 2026 में बस्तर को रिकॉर्ड आवंटन की उम्मीद,नई लाइनों पर चुप्पी से भी निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रेल मंत्री द्वारा प्रस्तुत रेल बजट 2026 में छत्तीसगढ़ को अब तक का रिकॉर्ड रेल आवंटन मिलने के बावजूद बस्तरवासियों की सबसे बड़ी अपेक्षा नई यात्री रेल लाइनों के ठोस ऐलान पूरी नहीं हो सकी। वर्षों से रेल नेटवर्क विस्तार की प्रतीक्षा कर रहे बस्तर अंचल में बजट के बाद उम्मीद और निराशा दोनों का मिला-जुला भाव देखा जा रहा है।

- यात्री रेल विस्तार को लेकर वर्षों से प्रतीक्षारत बस्तर
- बड़े वादों के बीच ज़मीनी सवाल बरकरार

रेल बजट के अनुसार छत्तीसगढ़ को इस वर्ष 7,470 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है,जो वर्ष 2014 की तुलना में लगभग 24 गुना अधिक बताया गया है। राज्य में 51,080 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं स्वीकृत एवं विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। रेल मंत्रालय का दावा है कि आने वाले वर्षों में बस्तर को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से और मजबूती से जोड़ा जाएगा।

**बस्तर के लिए माल गलियारे पर जोर,यात्री ट्रेनों पर इंतज़ार :** रेल मंत्रालय की ओर से बताया गया कि रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन को एक नए रणनीतिक माल गलियारे के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात को आपस में जोड़ेगा। इसके साथ ही बाड़मेर–करसिया कॉरिडोर भी प्रगति पर है। मंत्रालय का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के लगभग दो वर्ष बाद यात्री एवं



मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या दोगुनी की जा सकेगी। हालांकि बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी मांग-दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन सहित अन्य प्रस्तावित नई लाइनों-पर बजट भाषण में किसी प्रकार का स्पष्ट उल्लेख नहीं होना, क्षेत्र में असंतोष का कारण बन गया है।


### नई लाइनों पर चुप्पी, सवालों के घेरे में योजना की गति

बस्तर क्षेत्र लंबे समय से जिन नई रेल परियोजनाओं की अपेक्षा कर रहा था, उनमें किरन्दुल-मनगुर, किरन्दुल-बीजापुर–गडचिरोली, दंतेवाड़ा-सुकमा-मलकानगिरी, और धमतरी-कोंडागांव जैसी महत्वपूर्ण प्रस्तावित लाइनें शामिल हैं। इन लाइनों को न केवल यात्री सुविधा बल्कि सुरक्षा,आर्थिक विकास और दूरस्थ क्षेत्रों की मुख्यधारा से जुड़ाव के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। हालांकि दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन के दूसरे चरण के लिए लगभग 3,500 करोड़ रुपये की स्वीकृति पूर्व में मिल चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य कब प्रारंभ होगा, इस पर अब तक कोई स्पष्ट समय-सीमा सामने नहीं आई है। यही अनिश्चितता बस्तर के विकास को लेकर सबसे बड़ा सवाल बनकर उभर रही है।

#### रेल बजट 2026 : बस्तर व छत्तीसगढ़ के लिए आवंटन व प्रगति

छत्तीसगढ़ को रेल बजट में 7,470 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन किया गया है, जो 2014 की तुलना में 24 गुना अधिक है। राज्य में कुल 51,080 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं स्वीकृत अथवा प्रगति पर बताई गई हैं। रायगढ़–जगदलपुर रेल लाइन को अंतरराज्यीय माल गलियारे के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे बस्तर को औद्योगिक और लॉजिस्टिक रूप से मजबूती मिलेगी। बाड़मेर–करसिया कॉरिडोर पर भी कार्य जारी है। रेल मंत्रालय के अनुसार परियोजनाओं के पूर्ण होने के लगभग दो वर्षों बाद यात्री एवं मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या दोगुनी करने की संभावना है, लेकिन बस्तर की बहुप्रतीक्षित नई यात्री रेल लाइनों पर बजट में कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है।



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट



जगदलपुर। केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत करने वाला बताते हुए भारतीय जनता पार्टी बस्तर के जिला सह-कोषाध्यक्ष, अधिवक्ता एवं कर सलाहकार विपिन मालवीय ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीन पर उतारने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। फसल बीमा, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तथा डिजिटल माध्यम से मंडी भाव और मौसम की जानकारी जैसी पहलें किसानों की आय को स्थिर और सुरक्षित करने पर केंद्रित हैं।

### मनीष शुक्ला बने कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के नये अध्यक्ष



जगदलपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज श्री शंकर सेवा संघ, जगदलपुर के नये अध्यक्ष के रूप में मनीष शुक्ला का चयन किया गया है। रविवार को आयोजित समाज की सामान्य सभा की बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। अध्यक्ष चुने जाने पर मनीष शुक्ला ने समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं युवाओं की सहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### समावेशी विकास को सुनिश्चित करने वाला बजट



जगदलपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने केन्द्रीय बजट को भारत के सुनहरे एवं विकसित भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग एवं श्रमिक वर्ग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बजट में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट देश को सशक्त बनाने और विकास की गति को निरंतर आगे बढ़ाने वाला है। बजट में प्रत्येक वर्ग के विकास एवं उत्थान की स्पष्ट चिंता दिखाई देती है। किसानों की आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग एवं पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति को सक्षम बनाने के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के विस्तार के माध्यम से महिलाओं को क्रेडिट-लिंक्ड स्वरोजगार, उद्यमिता एवं स्थानीय बाजार से जोड़ने के प्रयास किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बायोफार्मा सेक्टर के लिए दस हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही उद्योग, शिक्षा एवं खेल को बढ़ावा देने, कर सुधार तथा आमजन को राहत देने वाले प्रावधान भी इस बजट में शामिल हैं।

# दुर्लभ सहाड़ा वृक्ष की लकड़ी का पूजन-हवन कर किया संग्रह

## श्री ओंकारेश्वर मंदिर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मैत्री संघ मार्ग स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व सोमवार को विधिवत वनयाग (वन यज्ञ) संपन्न कराया गया। इस दौरान ग्राम करकापाल स्थित माता शीतला मंदिर के समीप से दुर्लभ सहाड़ा वृक्ष की लकड़ी का पूजन-हवन कर संग्रह किया गया। इसी लकड़ी से विश्वकर्मा द्वारा इंद्र एवं शची की प्रतिमा का निर्माण कर उसे सभी रत्नों सहित मंदिर के गुंबद में प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर स्थापित किया गया है। मान्यता है कि इससे मंदिर को भविष्य में वज्रपात से संरक्षण प्राप्त होता है।

श्री ओंकारेश्वर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 3 से 7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। सोमवार सुबह ग्राम करकापाल में मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को दोपहर 2 बजे महादेवघाट से निकलने वाली भव्य कलश यात्रा से होगी, जो नगर भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर सहभागी बनेंगी।

कार्यक्रम के अंतर्गत 4 फरवरी को मंडप प्रवेश एवं मंडल देवता स्थापना, 5 फरवरी को देवता अधिवास, महा-स्नान, नगर



परिक्रमा, रत्न गर्भ प्रतिष्ठा एवं शिखर कलश प्रतिष्ठा के अनुष्ठान होंगे। मुख्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 6 फरवरी शुक्रवार को अभिजित मुहूर्त में दोपहर 12:15 से 1:56 बजे के मध्य संपन्न कराया जाएगा। इसी दिन देवता गर्भ प्रवेश का अनुष्ठान भी होगा। मंदिर में श्री ओंकारेश्वर महादेव सहित श्री गणेश, मां दुर्गा, राम दरबार, भगवान हनुमान एवं माता संतोषी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। महोत्सव का समापन 7 फरवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे से महा-प्रसाद भंडारे के साथ होगा।

आयोजन को लेकर मंदिर समिति ने बताया कि यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि वार्ड की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को भी सुदृढ़ करेगा। श्रद्धालुओं से पारंपरिक वेशभूषा में सहभागी बनने की अपील की गई है। आयोजन के दौरान स्वच्छता,प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आज के पूजन-अनुष्ठान में मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महापौर संजय पाण्डेय सहित आचार्य रामराज त्रिपाठी, पंडित चंदन त्रिपाठी, रंगा आचार्य,सुकुमार धर, राजेश महावर तथा महिला श्रद्धालुओं में संध्या महावर, रेखा पाण्डेय, सुब्रा दास, किरण सोनी, रजनी पाठक एवं सुशीला देवी उपस्थित रहीं।

## शोभायात्रा के साथ अय्यप्पा मंदिर के वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

# भगवान अय्यप्पा की निकली भव्य शोभायात्रा



### दीपथाल लेकर बालिकाओं की कतार रही आकर्षण का केन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वृंदावन कॉलोनी स्थित भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर के वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को महादेवघाट स्थित शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण दीपथाल ली हुई बालिकाओं एवं महिलाओं की लंबी कतार, कलश धारण किए बालक, केरल से आमंत्रित विशेष वाद्य यंत्र चेण्डा मेलम की गूंज रही। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री अय्यप्पा मंदिर का वार्षिकोत्सव विगत 28 जनवरी से आरंभ हुआ था। 6 दिवसीय वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन 2 फरवरी की सुबह श्री शिव पूजा एवं सति देवी पूजन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात शाम से शुरू शोभायात्रा आकर्षण



का प्रमुख केन्द्र रहा। स्थानीय महादेव घाट में शाम को भगवान श्री अय्यप्पा के पुण्य स्नान एवं आराट्ट पूजा के पश्चात उन्हें रथारूढ़ किया गया। सैकड़ों की संख्या में बालिकाएं एवं महिलाएं दीप थाल लिए अगुवानी करती हुईं सिरहासार चौक, मांई दंतेश्वरी मंदिर, मेन रोड, चांदनी चौक, कलेक्टोरेट चौक होते हुए अम्बेडकर वार्ड और वृंदावन कॉलोनी स्थित भगवान अय्यप्पा के मंदिर तक शोभायात्रा पहुंची। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया।

### ध्वजावरोहण संग उत्सव का समापन

महादेवघाट से निकली शोभायात्रा देर शाम मंदिर परिसर पहुंची। इसके पश्चात मंदिर परिसर में ही धान समर्पण का कार्यक्रम हुआ, इसके पश्चात उत्सव ध्वज का अवरोहण पूरे विधि-विधान के साथ किया गया।

# अभिलाष यादव को मिली भाजपा युवा मोर्चा बस्तर जिला अध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर के युवा मोर्चा की कमान अभिलाष यादव को सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन्हें भाजपा युवा मोर्चा बस्तर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।



अभिलाष यादव की शैक्षणिक पृष्ठभूमि सुदृढ़ रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े रहे तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। इसके पश्चात उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेकर संगठनात्मक कार्यों में निरंतर सक्रिय सहभागिता निभाई। भाजपा युवा मोर्चा में वे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में भी दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं, विशेषकर उस दौर में जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी।

तत्कालीन कांग्रेस शासन के दौरान उन्होंने जनहित से जुड़े अनेक आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी की। पार्टी की नीतियों और कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहते हुए कांग्रेस सरकार के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों में शामिल हुए, जिनमें उन्हें कई बार लाठीचार्ज का भी सामना करना पड़ा।

भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर अभिलाष यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे सहित समस्त वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

### रामप्रसाद बने भाजयुमो जिला महामंत्री



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ माने जाने वाले भारतीय जनता युवा मोर्चा को बस्तर जिले में और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में पार्टी नेतृत्व ने बड़ा कदम उठाया है। भाजपा द्वारा जारी नई सूची में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अभिलाष यादव एवं सत्यम झा को सौंपी गई है,वहीं सक्रिय युवा कार्यकर्ता रामप्रसाद मौर्य को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। रामप्रसाद मौर्य की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से जिले के युवाओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बताया गया कि रामप्रसाद मौर्य लंबे समय से संगठन के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर मंत्री,जिला सह-संयोजक, विभाग संयोजक एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में कार्य किया है।

# विधायक ने किया छात्रावास निर्माण के लिए भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल चित्रकोट विधानसभा के ग्राम छापरभानपुरी में सोमवार को विधायक विनायक गोयल ने जनप्रतिनिधियों तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों की उपस्थिति में 100 सीटर छात्रावास भवन लागत 2.71 करोड़ रूपए के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। बताया जा रहा है कि छात्रावास के निर्माण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आवास सुविधा के साथ शिक्षण में विशेष सहायता मिलेगी, जिससे लोगों में खुशी जाहिर कर सरकार के विकास कार्यों की सराहना की। विधायक के प्रयास तथा विकास के प्रति सजगता से छात्रावास का निर्माण संभव हो सका। कार्यक्रम में मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उपायुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता एमके सोम, सहायक अभियंता तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

# भागवत कथा एवं हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शुक्रवार की शाम ग्राम पंचायत आड़ावाल पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्गा मंडप में आयोजित भागवत कथा में सहभागिता कर कथा श्रवण किया। इसके पश्चात वे बंगीय समाज द्वारा आयोजित अष्ट प्रहरी श्री श्री हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

बंगीय समाज द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन शुक्रवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर किरण देव ने संकीर्तन में सहभागिता कर धार्मिक अनुष्ठान किया और समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों से भेंट-मुलाकात कर आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत





करते हैं। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, संग्राम सिंह, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सुब्रतो विश्वास सहित अन्य गणमान्यजन एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### खेल का जीवन में विशेष महत्व होता है : देव

जगदलपुर। ग्राम उलनार में शनिवार को आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर किरण देव ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल का जीवन में विशेष महत्व होता है। खेल न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए,क्योंकि खेल हमें संघर्ष, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण की सीख देता है। उन्होंने क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन भी दिया। उलनार में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डिमरापाल की टीम ने देवड़ा की टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष निलाम्बर सेठिया,मंडल अध्यक्ष हरि मंडावी,चंद्रकांत सेठिया, सुब्रतो विश्वास,शरद श्रीवास्तव,सतीश सेठिया सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।



# नागरिकों को निराश करने वाला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को देश और राज्य के आम नागरिकों के साथ अन्यायपूर्ण बताते हुए इसे निराशाजनक करार दिया है। प्रदेश पदादिकारी समीर खान एवं नरेंद्र नाग ने सयुंक्त रूप से कहा कि पार्टी के अनुसार बजट केवल चुनावी वादों और आंकड़ों तक सीमित दिखाई देता है,जबकि महंगाई,बेरोजगारी और किसानों की बदहाली जैसी जमीनी समस्याओं पर कोई ठोस और प्रभावी समाधान प्रस्तुत नहीं किया गया है। समीर ने कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल और कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद बजट में न तो किसानों के लिए कोई ठोस राहत है और न ही मजदूर वर्ग के लिए मजबूत योजनाओं की घोषणा की गई है। पार्टी का मानना है कि आज़ादी के बाद से ही आदिवासी,दलित और पिछड़ा समाज सरकारी बजटों से लगातार वंचित रहा है और यह बजट भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाता प्रतीत होता है। पार्टी ने मांग की है कि भविष्य में ऐसा बजट प्रस्तुत किया जाए जो देश के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाला हो, किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिले,न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाए और महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

# सामूहिक सहयोग से संपन्न हुआ भव्य धार्मिक आयोजन

- बालाजी मंदिर रजत जयंती महोत्सव के सफल आयोजन पर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान बालाजी मंदिर के रजत जयंती महोत्सव का सात दिवसीय आयोजन श्रद्धा,भक्ति और सामाजिक सहभागिता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद आयोजन समिति की ओर से आभार प्रकट किया गया। महोत्सव के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए, जिससे आयोजन को व्यापक स्वरूप मिला।

आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि सात दिनों तक चले इस महोत्सव को सफल बनाने में सर्व हिंदू समाज के श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। पूजा कार्यक्रमों, शोभायात्रा, अनुष्ठानों और महाभंडारे में श्रद्धालुओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को भव्य और स्मरणीय बनाया। इसके साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों, यातायात पुलिस,नगर निगम तथा वन विभाग के अमले द्वारा की गई व्यवस्थाओं से आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका।



महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भक्तिमय वातावरण को और अधिक जीवंत किया। आयोजन समिति ने कहा कि कलाकारों, स्वयंसेवकों और दानदाताओं के सहयोग के बिना इतने बड़े आयोजन को सफल बनाना संभव नहीं होता। सभी के सामूहिक प्रयास से यह रजत जयंती महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन सका।

आयोजन समिति की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों एवं पड़ोसी राज्यों से पहुंचे सर्व हिंदू समाज के श्रद्धालुओं, जिला एवं पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस,नगर निगम, वन विभाग के अमले, दानदाताओं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### सहयोग से सजी रजत जयंती आस्था और समर्पण का संगम

भगवान बालाजी मंदिर के सात दिवसीय रजत जयंती महोत्सव में श्रद्धालुओं की व्यापक सहभागिता, प्रशासनिक सहयोग, दानदाताओं का योगदान और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने आयोजन को सफल और अनुकरणीय बनाया। सामूहिक सेवा, अनुशासन और आस्था के इस संगम ने यह संदेश दिया कि सामाजिक समरसता और सहयोग से बड़े से बड़ा आयोजन भी सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सकता है।

